## आकाशवाणी शिमला

## 22.08.2025 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे

### प्रधानमंत्री संबोधन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आरोप लगाया है कि राष्ट्रीय जनता दल व कांग्रेस वोट बैंक और तुष्टिकरण की राजनीति के लिए घुसपैठियों का समर्थन कर रहे हैं। बिहार में बोधगया के मगध विश्वविद्यालय में एक जनसभा में उन्होंने कहा कि ये घुसपैठिए बिहार के लोगों का रोज़गार छीनने और जनसांख्यिकी बदलने के लिए ज़िम्मेदार हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि घुसपैठियों की बढ़ती संख्या, विशेषकर सीमावर्ती ज़िलों में गंभीर चिंता का विषय है। नरेन्द्र मोदी ने कहा कि सरकार एक जनसांख्यिकी मिशन शुरू करने जा रही है, जिससे घुसपैठियों को बाहर करने में मदद मिलेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि भ्रष्टाचार रोधी विधेयक में भ्रष्टाचार के आरोपों में दोषी पाए जाने और 30 दिनों से ज़्यादा जेल में रहने पर प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और मंत्रियों को पद से हटाने का प्रावधान है।

### शून्य काल

प्रदेश विधानसभा में आज मंडी से मनाली फोरलेन पर लग रहे जाम की समस्या का मामला गूंजा। शिमला में चल रहे प्रदेश विधानसभा के मॉनसून सत्र में आज शून्यकाल के दौरान विधायक भुवनेश्वर गौड़, सुरेन्द्र शौरी ओर त्रिलोक जम्वाल ने मण्डी–मनाली और किरतपुर–मनाली फोरलेन में दो महीने से चल रही दयनीय स्थिति का मामला उठाया। उन्होंने सरकार से इस मामले में गंभीरता से कदम उठाने की बात कही ताकि क्षेत्र के बागवानों सहित आम जनता को राहत मिल सके। भुवनेश्वर गौड़ ने न केवल मंडी से मनाली सड़क की बात कही बल्कि कमांद से जाने वाले वैकल्पिक मार्ग को लेकर भी चिंता जताई। इस पर विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने मुख्य सचिव को निर्देश देते हुए कहा कि इन दोनों मार्गों पर यातायात को सुचारू बनाने के लिए कदम उठाएं और नेशनल हाइवे अथॉरिटी के अधिकारियों से बात करें। उन्होंने कहा कि नेशनल हाइवे अथॉरिटी के अधिकारियों के साथ इस मामले को उठाया जाएगा और यह भी देखा जाएगा कि उनसे जुडे सवाल लगने पर उनको यहां बुलाया जाए। कुलदीप सिंह पठानिया ने कहा कि एनएचएआई पर सरकार का कोई कंट्रोल नहीं है लेकिन पुलिस को इस मामले को देखना होगा और त्वरित कार्रवाई करनी होगी।

### शून्यकाल–विक्रमादित्य

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि सडकों के निर्माण व अपग्रेडेशन के लिए हिमाचल प्रदेश को पिछले तीन साल में केन्द्र सरकार से 3 हजार 9 सौ 60 करोड रूपए की राशि मिली है। वे आज विधानसभा में विधायक रीना कश्यप द्वारा शून्यकाल में उठाए गए सड़क के मामले में जवाब दे रहे थे। लोक निर्माण मंत्री ने कहा कि हिमाचल ने केन्द्र से अपना हक लिया है और आगे भी लेता रहेगा। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि लगातार केन्द्र सरकार के सामने प्रदेश के हक की आवाज को बुलंद करेंगे। लोक निर्माण मंत्री ने कहा कि सड़कों के क्षेत्र में मदद के लिए वह केन्द्र सरकार का आभार भी जताते है मगर यह हिमाचल का हक है जो उसे मिलना चाहिए था और मिला है। इस पर विपक्ष के विधायकों ने खूब टेबल भी बजाए। विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के चौथे चरण में 15 सौ किलोमीटर सडकों का निर्माण होगा और इसमें दुर्गम क्षेत्रों के लिए बेहतरीन सडक सुविधाएं मिलेंगी जिससे हिमाचल को बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश का एक समान विकास उनका लक्ष्य है और पूरे प्रदेश में बिना किसी भेदभाव के सरकार काम कर रही है।

**ऑनलाइन गेमिंग विधेयक**

ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन व विनियमन विधेयक 2025 पारित होने के बाद ड्रीम स्पोर्ट्स, गेम्सक्राफ्ट, मोबाइल प्रीमियर लीग और जूपी जैसी प्रमुख रियल मनी गेमिंग कंपनियों ने अपने गेमिंग प्लेटफॉर्म पर पैसों से खेले जाने वाले ऑनलाइन गेम्स पर रोक लगाना शुरू कर दिया है। विधेयक में वित्तीय लाभ के लिए पैसे दांव पर लगाकर खेले जाने वाले कौशल–आधारित या अवसर –आधारित सभी ऑनलाइन मनी गेम्स पर प्रतिबंध लगाया गया है। विधेयक में अधिकारियों को किसी भी परिसर की तलाशी लेने और संदेह के आधार पर किसी भी व्यक्ति को बिना वारंट के गिरफ्तार करने का अधिकार दिया गया है। ऑनलाइन मनी गेमिंग के बढ़ते चलन से होने वाली लत, वित्तीय नुकसान और अपराधों को देखते हुए यह विधेयक लाया गया।

**मौसम**

प्रदेश के अधिकांश भागों में आज मौसम साफ बना हुआ है जिससे लोगों ने बीते दिनों हुई भारी वर्षा से राहत महसूस की है। हालांकि मौसम विभाग ने प्रदेश में आज रात से 27 अगस्त तक एक बार फिर मॉनसून के सक्रिय होने की सम्भावना जताई है। मौसम विज्ञान केन्द्र शिमला द्वारा जारी पूर्वानुमान के अनुसार इस दौरान प्रदेश के कुछ क्षेत्रों में भारी से बहुत भारी बारिश होने की सम्भावना है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला ने 24 और 25 अगस्त को कुछ जिलों में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट भी जारी किया है। प्रदेश में अगस्त माह में अब तक सामान्य से 32 फीसदी अधिक बारिश दर्ज की गई है।

————————————